# Institutional Activities

LUCENS ET ARDENS

## Est. 2016

## St. Xavier's College, Simdega

# Blessing and Inauguration

The new college building was inaugurated on 6th March by Rt. Rev. Fr. Arturo Sosa, the Superior General of the Society of Jesus.







# General Assembly

A general assembly was held to motivate students for their academic endeavour and future career.



# Meeting of HoDs

A meeting held to plan about the blessing and inauguration of new college building, Dhawaipani.




# Special Lecture

A special talk on "Value-based Quality Education in the Era of AI: Opportunities and Challenges in Higher Education" was delivered by Fr. Jayaraj Veluswamy, SJ, the former Rector of St. Xavier's College, Kolkata.






# Outdoor Activities

On 14th March, the Geography Department organized a 'Know Your Aim' activity to help students define their goals and aspirations. It was an effort to empower the young minds.







# Department of Commerce

A sketching activity was organized to nurture creativity and artistic expression among students.



# Department of Pol. Science

The department celebrated International Women's Day, aiming to raise awareness about hidden forms of violence against women.





# Department of History

A Skill Boosting Program was conducted to develop students' skills and learning abilities.






# HoD Meeting

Meeting of Heads of the Departments with the Vice Principal.




# Examination

The Semester II examination for the Master Degree Programme were conducted.





# General Assembly

**A** General Assembly was conducted regarding the Student Council Election.







# World Recycle Day

**T**he Department of Geography celebrated World Recycle Day to promote awareness about sustainable practices and environmental conservation.



# World Meterological Day

The Department of Geography conducted an awareness programme on weather, climate, and environmental changes.







# Dr. C. Bulcke Lecture Series

A lecture on Human Rights and Women's Rights was delivered by Mr. Roshan Kishor Gidh.






# Election campaign

Glimpses of candidates campaigning for the Student Council Election.












# Meeting of CRs

The student council meeting with the class representatives




# Election Commission

Students are working for the smooth conduct of the Student Council Election.




# Election of Students Council

Students' council election was conducted very smoothly. The students participated in a discipline manner and casted their votes.









# Meeting on Seminar

A meeting was a meeting held for the organising committee and mentors to guide the students for the staff-students' seminars of Tribal Studies.



# Seminar: Tribal Studies

A seminar on Tribal Studies was conducted meaningfully. There were 15 teams of students, guided by respective teachers. The seminar was very insightful.











# International Zero Waste Day

Department of Geography organised an awareness programme on food waste.






# Teachers Attended FDP

Asst. Prof. Jessica Nidhi Tigga and Ishan Tiru attended the FDP organised by St. Xavier's College, Ranchi. It was a great exposure to participate in such an intellectual training programme.








NEWS देखो झारखण्ड
https://newsdekho.co.in
हर खबर पर रखी हमारी नज़र
दांडी मार्च दिवस
News देखो Simdega | 12 मार्च 2026 (गुरुवार)

# सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में एआई और मूल्य आधारित शिक्षा पर एक दिवसीय व्याख्यान

#सिमडेगा #उच्च_शिक्षा : एआई के युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नैतिक मूल्यों पर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित।



सत्यम कुमार केशरी
सिमडेगा नगर क्षेत्र



सिमडेगा। सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में एक दिवसीय विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संत जेवियर'स कॉलेज कोलकाता के रेक्टर रेव. फादर जयाराज वेलुस्वंय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विषय था "एआई के युग में मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा: उच्च शिक्षा में अवसर और चुनौतियाँ"।

अपने संबोधन में फादर जयाराज वेलुस्वंय ने कहा कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएँ लेकर आई है। उन्होंने बताया कि तकनीक के सही उपयोग से विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और ज्ञान का दायरा दोनों बढ़ सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि अच्छी शिक्षा के लिए योग्य और समर्पित शिक्षक अत्यंत आवश्यक होते हैं, क्योंकि वही विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करते हैं और उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

फादर जयाराज वेलुस्वंय ने अपने संबोधन के दौरान संत जेवियर'स कॉलेज कोलकाता की स्थापना और इतिहास का संक्षिप्त उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करना है।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे कॉलेज के पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब का अधिक से अधिक उपयोग करें, अनुशासन बनाए रखें और निरंतर अपने ज्ञान को अद्यतन करते रहें।

उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में एआई और चैटजीपीटी जैसे तकनीकी साधनों का सही उपयोग कर छात्र अपनी पढ़ाई को अधिक प्रभावी बना सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य फा. रोशन बा ने अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें बिरु गमछा और पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ तथा अन्य अतिथि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा, जिसमें विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के साथ-साथ मूल्य आधारित शिक्षा के महत्व को समझने का अवसर मिला।

आज के डिजिटल युग में एआई जैसी तकनीकें शिक्षा को नई दिशा दे रही हैं। हालांकि इसके साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन को बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि विद्यार्थी ज्ञान के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक भी बन सकें।

ज्ञान और तकनीक का सही उपयोग ही भविष्य की सफलता का आधार है।

विद्यार्थियों को आधुनिक साधनों के साथ मूल्यों को भी अपनाना होगा।

शिक्षा और समाज से जुड़ी खबरों के लिए जुड़े रहें न्यूज़ देखो के साथ।







ऑनलाइन पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

हिन्दुस्तान

# एआई के युग में मूल्य आधारित शिक्षा जरूरी

- संत जेवियर कॉलेज में विशेष व्याख्यान आयोजित
- फा. जयराज वेलुस्वामी मुख्य वक्ता थे

सिमडेगा, जिला प्रतिनिधि। संत जेवियर्स कॉलेज में गुरुवार को विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कोलकाता संत जेवियर कॉलेज के रेक्टर, फादर जयराज वेलुस्वामी उपस्थित थे। कार्यक्रम का विषय था एआई के युग में मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा: उच्च शिक्षा में अवसर और चुनौतियां।

अपने संबोधन में फादर जयराज वेलुस्वामी ने कहा कि आज के आधुनिक समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं और चुनौतियां लेकर आई है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा



सिमडेगा में गुरुवार को शिक्षकों के साथ फादर जयराज वेलुस्वामी। • हिन्दुस्तान

कि अच्छी शिक्षा के लिए योग्य और समर्पित शिक्षक बहुत आवश्यक हैं, क्योंकि वही छात्रों को सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने संत जेवियर कॉलेज कोलकाता की स्थापना का उल्लेख करते हुए बताया कि संत जेवियर कॉलेज रांची और फिर संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा की स्थापना हुई जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब का अधिक से अधिक उपयोग करें, अनुशासन बनाए रखें और निरंतर अपने ज्ञान को अद्यतन करते रहें। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य फा रोशन बा द्वारा अतिथि का सम्मान किया गया।

# राजनीति विज्ञान विभाग ने विश्व महिला दिवस मनाया गया



**सिमडेगा :** सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा के सेमिनार हॉल में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा IQAC के तत्वावधान में 14 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजनीति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. निशा रानी धनवार थीं। मंच साझा करने वाले छात्रों में तानिया डुंगडुंग, नेहा कुमारी और सोनी उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत महिला जागरूकता रैली से हुई, जो कॉलेज परिसर से शुरू होकर सुंदरपुर तक निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. निशा रानी धनवार ने महिला दिवस के महत्व और महिलाओं के दृष्टिकोण पर अपने विचार व्यक्त किए। तानिया डुंगडुंग ने भी महिला दिवस के महत्व पर अपने विचार रखे। विभागाध्यक्ष प्रो. ईशान तिर्की ने महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समाज में लैंगिक समानता की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो. रोशन किशोर गिद्ध ने महिला दिवस के अवसर पर पुरुष दृष्टिकोण विषय पर अपने विचार व्यक्त किए, वहीं प्रो. अजय कुमार ने महिला समानता और न्याय के विषय पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं के अधिकार, सम्मान और न्याय के प्रति सभी ने सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा ली। इसके बाद विद्यार्थियों के बीच महिलाओं की सामाजिक स्थिति पर चर्चा-परिचर्चा भी की गई।

**Media Effect**

NEWS देखो झारखण्ड — हर खबर पर रहेगी हमारी नज़र
https://newsdekho.co.in
भगवान महावीर जन्म कल्याणक
News देखो Simdega | 30 मार्च 2026 (सोमवार)

# सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में जनजातीय अध्ययन पर दो दिवसीय संगोष्ठी, शोध और विमर्श से गूंजा परिसर

#सिमडेगा #शैक्षणिक_संगोष्ठी : जनजातीय जीवन, संस्कृति और समकालीन विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।



सत्यम कुमार केशरी
सिमडेगा नगर क्षेत्र




सिमडेगा स्थित सेंट जेवियर्स कॉलेज में जनजातीय अध्ययन विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कॉलेज के रिसर्च सेल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड के स्वदेशी समुदायों के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पहलुओं पर गहन चर्चा करना था। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी ने इसे शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बना दिया।

संगोष्ठी का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद रिसर्च सेल के समन्वयक एवं संगोष्ठी संयोजक डॉ. अनिमेष रॉय ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

> डॉ. अनिमेष रॉय ने कहा: "इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों में शोध के प्रति रुचि विकसित करना और जनजातीय अध्ययन को व्यापक दृष्टिकोण से समझाना है।"

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोशन बा ने मुख्य संबोधन में जनजातीय अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा—

> "जनजातीय समाज के अध्ययन से हमें उनकी संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली को समझने का अवसर मिलता है, जो समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।"

उन्होंने छात्रों को शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

संगोष्ठी के दौरान तीन अलग-अलग तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

सेमिनार हॉल में आयोजित इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने की। इसमें छोटानागपुर क्षेत्र में काला जादू और जनजातीय छात्रों में वित्तीय साक्षरता जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

कक्षा संख्या 10 में आयोजित इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. राधा महली ने की। इसमें जनजातीय व्यंजनों की गैस्ट्रो-पॉलिटिक्स, मुंडा जनजाति का इतिहास और पारंपरिक वाद्ययंत्रों पर विचार-विमर्श हुआ।

भूगोल डिजिटल क्लासरूम में आयोजित इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद ने की। इसमें मुंडा रीति-रिवाज, UPI का प्रभाव और उपभोक्ता व्यवहार जैसे समकालीन विषयों पर चर्चा हुई।

संगोष्ठी की एक विशेषता यह रही कि सेमेस्टर VII के छात्रों की भागीदारी अनिवार्य थी। कॉलेज प्रशासन का मानना है कि यह अनुभव छात्रों के लिए भविष्य में शोध कार्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

अंतिम दिन आयोजित विदाई सत्र में सभी तकनीकी सत्रों के समन्वयकों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हेमरोम मार्शल, नारायण साईं सहित तकनीकी टीम, संकाय सदस्य और एनएसएस स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

यह संगोष्ठी छात्रों के लिए एक ऐसा मंच बनी, जहां उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत किए और नए विषयों पर चर्चा की। इससे उनकी शोध क्षमता और ज्ञान में वृद्धि हुई।

सिमडेगा में आयोजित यह संगोष्ठी यह दर्शाती है कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि शोध और विचार-विमर्श का भी माध्यम है। जनजातीय अध्ययन जैसे विषयों पर चर्चा समाज को समझने और विकास की दिशा तय करने में मदद करती है। हर खबर पर रहेगी हमारी नजर।

शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञान को विस्तार देना है। शोध और अध्ययन से ही नई सोच और समाधान निकलते हैं। छात्रों को चाहिए कि वे ऐसे अवसरों का लाभ उठाएं और खुद को विकसित करें। ज्ञान ही भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति है।

अपनी राय कमेंट में साझा करें, खबर को शेयर करें और शिक्षा के इस संदेश को आगे बढ़ाएं।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9508880399
NEWS देखो

Jharnet
(Jharkhand State Wide Area Network)

झारखण्ड NEWS देखो
https://newsdekho.co.in
News देखो Simdega | 30 मार्च 2026 (सोमवार)

भगवान महावीर जन्म कल्याणक

# सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में छात्र परिषद चुनाव 2026 शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

#सिमडेगा #छात्र_चुनाव : कॉलेज में तीसरे छात्र परिषद चुनाव में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ मतदान कर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया



सत्यम कुमार केशरी
सिमडेगा नगर क्षेत्र





सिमडेगा। सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में वर्ष 2026 के आंतरिक छात्र परिषद चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुए। यह कॉलेज में छात्र परिषद का तीसरा चुनाव था, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

चुनाव प्रक्रिया का संचालन मुख्य चुनाव आयुक्त प्रो. ईशान तिरु के नेतृत्व में किया गया। उनके साथ अन्य चुनाव आयुक्त प्रो. निम्मी टोपनो, प्रो. हेम्ब्रोम मार्शल, डॉ. निशा रानी धनवार तथा सनी संतोष टोप्पो की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ।

मतदान सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चला। इस दौरान कॉलेज के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने पोलिंग ऑफिसर के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई।

चुनाव में विभिन्न पदों के लिए कई उम्मीदवारों ने भागीदारी दर्ज कराई। अध्यक्ष पद के लिए अंश कुमार कच्छप और शिवम कुमार मैदान में थे।

उपाध्यक्ष पद के लिए नेहा रानी नायक, प्रियांशु कुमार, आशीष केरकेट्टा और फातिमा खातून उम्मीदवार थे। वहीं सचिव पद के लिए तान्या डुंगडुंग और सहेली बुरह के बीच मुकाबला हुआ।

चुनाव में छात्रों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए उत्साह और जिम्मेदारी का परिचय दिया। NCC कैडेट्स और विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने वॉलेंटियर्स के रूप में चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इससे कॉलेज में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता और सहभागिता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

कॉलेज प्रशासन ने चुनाव के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त किया और छात्रों के अनुशासन एवं सहयोग की सराहना की।

प्रशासन का मानना है कि इस तरह के चुनाव छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और लोकतांत्रिक सोच को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं।

यह चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं रहा, बल्कि यह छात्रों के लिए लोकतंत्र को समझने और उसे व्यवहार में लाने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

छात्रों ने जिस उत्साह और जिम्मेदारी के साथ भाग लिया, वह भविष्य में समाज और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका का संकेत देता है।

कॉलेज स्तर पर होने वाले ऐसे चुनाव युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इससे छात्रों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और सामाजिक समझ विकसित होती है। हर खबर पर रहेगी हमारी नजर।

युवा ही देश के भविष्य के नेतृत्वकर्ता हैं।

ऐसे आयोजनों से उनमें जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ती है।

शिक्षा और लोकतंत्र से जुड़ी खबरों के लिए जुड़े रहें न्यूज़ देखो के साथ।









# सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा में छात्र परिषद चुनाव 2026 संपन्न

प्रात: आवाज



**सिमडेगा :** सेंट जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में वर्ष 2026 के आंतरिक छात्र परिषद चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुए। यह कॉलेज में छात्र परिषद का तीसरा चुनाव था, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन कॉलेज के मुख्य चुनाव आयुक्त प्रो.ईशान तिरु के साथ अन्य चुनाव आयुक्त प्रो. निम्मी टोपनो, प्रो. हेम्ब्रोम मार्शल, डॉ. निशा रानी धनवार तथा सनी संतोष टोप्पो की अध्यक्षता में चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। अध्यक्ष पद के लिए अंश कुमार कच्छप और शिवम कुमार ने अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की। उपाध्यक्ष पद के लिए नेहा रानी नायक, प्रियांशु कुमार, आशीष केरकेट्टा और फातिमा खातून उम्मीदवार थे। वहीं,सचिव पद के लिए तान्या डुंगडुंग एवं सहेली बुरह के बीच मुकाबला हुआ। मतदान प्रक्रिया सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चली। इस दौरान कॉलेज के सभी विभागों के प्राध्यापकों ने पोलिंग ऑफिसर के रूप में तथा ठउउ कैडेट्स के साथ सभी विभागों के विद्यार्थियों ने वॉलेंटियर्स के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किया। चुनाव में छात्रों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो विद्यार्थियों बीच लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता और सक्रिय सहभागिता को दर्शाता है। छात्रों ने उत्साह के साथ अपने प्रतिनिधियों का चयन कर लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। कॉलेज प्रशासन ने चुनाव की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए छात्रों के अनुशासन एवं सहयोग की सराहना की। यह चुनाव न केवल छात्र नेतृत्व को विकसित करने का माध्यम बना, बल्कि युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।